### एक नजर में

## कविता, छंद, गजल और गीत की गूंज



इंदौर. मेघदूत साहित्यिक संस्था (पंजाब) का तृतीय वार्षिक उत्सव मेघ मल्हार आयोजित किया गया. देश के विभिन्न राज्यों से आए रचनाकारों ने कविता, छंद, गजल और गीतों की उम्दा प्रस्तुतियां देकर समां बांधा. संस्था द्वारा वर्ष भर आयोजित की गई प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरित किए गये और अनेक पुस्तकों का विमोचन भी हुआ. इंदौर प्रेस क्लब सभागृह में आयोजित इस उत्सव के उद्घाटन समारोह के विशेष अतिथि प्रेस क्लब अध्यक्ष अरविंद तिवारी और विचार प्रवाह साहित्य मंच के अध्यक्ष मुकेश तिवारी थे. पुस्तक विमोचन और पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर अतिथि वरिष्ठ लेखिका सुषमा दुबे और देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की पत्रकारिता और जनसंचार अध्ययनशाला की प्रमुख डॉ. सोनाली सिंह नरगुंदे की उपस्थिति रही. सुनीता कोगटा जागेटिया को काव्य कुमुद की उपाधि से सम्मानित किया गया. स्वागत उद्बोधन संस्था अध्यक्ष रमेश चंद्र विनोदी ने दिया. संचालन रीना धीमान और अबरार अंसारी ने किया. आभार महेश बिसौरिया ने माना. आयोजन प्रभारी गोपाल जिगर थे. पंजाब, महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, झारखंड, जम्मू, पश्चिम बंगाल के रचनाकार इस उत्सव में शामिल हुए.

## मुकेश के गीतों की प्रस्तुति




इंदौर. पार्श्व गायक मुकेश चंद्र माथुर की पुण्यतिथि के अवसर पर संस्था नवरंग के कलाकारों द्वारा प्रेस क्लब में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें मुकेश की यादों को ताजा करते हुए अनेकों सुमधुर गीत प्रस्तुत कियें गये, जिन्हें रसिक श्रोताओं ने खूब सराहा. मंच संचालन मोना ठाकुर ने किया. मुकेश बुंदेला, मोहन पारवानी, मनोज मिश्रा, डॉ पारुल अग्रवाल, राखी गुरबानी, राजकुमार मिश्रा ने कई बार यू भी देखा, ओ रे ताल मिले नदी क़े जल में, चल अकेला चल अकेला, वक़्त करता जो वफ़ा, चाँद सी मेहबूबा हो मेरी... आदि गीतों से मन मोह लिया गीतों की प्रस्तुति दी.

## स्वास्थ्य लाभार्थ संदेश पोस्टर का विमोचन




इंदौर. लायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट 3233 जी1 के सदस्यों के लाभार्थ इंदौर शहर के राष्ट्रीय स्तर के अस्पतालों से लायन अनिल खंडेलवाल, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर व लायन कुलभूषण मित्तल जी व्हाईस गेटवे एरिया लीडर के मार्ग निर्देशन में मुरली अरोरा व दिनेश रणधर के प्रयासों से एमओयू साइन किए गए. इसमें डिस्ट्रिक्ट के समस्त 5000 सदस्यों व उनके परिजनों को जांच, उपचार, सर्जरी, रूम रेंट में कंसेशन उपलब्ध होगा. पोस्टर का विमोचन लायन प्रेसिडेंट साहब के द्वारा इंदौर आगमन पर भव्य समारोह में करतल ध्वनी के बीच किया गया.

## डॉमिसिल ने डाइमेंशंस फर्नीचर इंदौर में पेश किए

इंदौर. त्योहारी सीज़न को ध्यान में रखते हुए, डॉमिसिल जर्मनी ने आधुनिक घरों की जरूरतों के मद्देनज़र अपने सिग्नेचर सोफा कलेक्शन को डाइमेंशंस फर्नीचर, इंदौरमें पेश किया है. आधुनिक लाइफस्टाइल के मद्देनज़र इस कलेक्शन में सुविधा, कारीगरी और पर्सनलाइज़ेशन को ध्यान में रखकर सीटिंग सॉल्यूशंस को शामिल किया गया है. कलेक्शन उन लोगों के लिए उपयुक्त हैं जो आगामी त्योहारों के अवसरों पर अपने घरों में जुड़ने वाली महफिलों और उत्सवों को ध्यान में रखकर अपने इंटीरियर को नया लुक देने का इरादा रखते हैं. कलेक्शन में लैदर और फैब्रिक दोनों प्रकार के सोफे शामिल हैं, जिनमें अलग-अलग रंगों में 30 से अधिक लैदर और 75 लगभग 75 फैब्रिक विकल्प हैं। साथ ही, ग्राहकों को मिलते हैं कस्टमाइज़ेशन के ढेरों विकल्प ताकि वे सीज़न और अपने घरों की साज-सज्जा के अनुरूप सीटिंग चुन सकें. आर्डिया के हाइ बेस और स्लिम मेटल लेग्स में स्टाइल का खूबसूरत मेल समाया है। इसकी चौड़ी सीटें और कन्ट्रास्ट स्टिचिंग तथा विभिन्न रंगों जैसे ऑलिव ग्रीन और ब्लैक के मेल से यह त्योहार के मौकों पर जुड़ने वाली महफिलों के लिए उपयुक्त है.

## सारे जहाँ से अच्छा पर प्रतीक गांधी की राय


इंदौर. रिलीज़ होने के बाद से ही नेटफिलक्स की 'सारे जहाँ से अच्छा' सीरीज़ को उसकी रोमांचक कहानी और जासूसी की अलग तरह की प्रस्तुति के लिए खूब सराहा जा रहा है. दर्शक और आलोचक दोनों ही प्रतीक गांधी के शांत लेकिन दमदार अभिनय की तारीफ़ कर रहे हैं, जहाँ वे विष्णु का किरदार निभा रहे हैं. विष्णु एक खुफिया अधिकारी है, जो कर्तव्य और नैतिकता के बीच फंसा हुआ है. यह सीरीज़ जासूसी कहानियों को एक नया नज़रिया देती है, जहाँ बड़े खतरे और ड्रामा के साथ-साथ इंसानी कमजोरी और निजी संघर्ष को भी दिखाया गया है. प्रतीक कहते हैं, विष्णु की सबसे बड़ी खासियत उसकी गहरी इंसानियत है और यही इंसानियत उसे तकलीफ़ देती है. प्रतीक कहते हैं, ऑफिस से लाइटहाउस तक का यह सफ़र उसके जीवन का टर्निंग प्वाइंट है. वह भले ही सीधे खतरे में न हो, लेकिन अब वह उन सचाइयों का सामना करने को तैयार है, जिनसे वह हमेशा भागता रहा.

## क्रॉस जींस ने इंदौर में ओपन किए दो नए शोरूम

इंदौर. भारत की देशी जमीन से अंकुरित हुआ डेनिम ब्रांड क्रॉस जींस तेजी से सफलता की नई इबारतें लिख रहा है. ब्रांड ने अपने कदमों को विस्तार देते हुए इंदौर में दो नए एक्सक्लूसिव ब्रांड शोरूम की लॉन्चिंग की. ये दो नए शोरूम सिटाडेल फीनिक्स मॉल और सी 21 मॉल में हैं. इन शानदार शोरूम के जरिए ब्रांड, मध्यभारत के ग्राहकों के लिए कम्फ़र्टेबल फिटिंग और कंटेम्पररी फैशन प्रस्तुत करने के अपने कमिटमेंट को पूरा कर रहा है. क्रॉस जींस के फाउंडर रवि पंजाबी ने कहा इंदौर में दो नए स्टोर्स की लॉन्चिंग को लेकर हम बहुत उत्साहित हैं. यह एक ऐसा शहर है जो वाइब्रेंट, ट्रेंड-कांशस और सही मायने में फैशन फॉरवर्ड है. क्रॉस में हम अपने ग्राहकों की नब्ज को समझते हैं और उसे रिस्पेक्ट देते हैं. इस कड़ी में इंदौर में इन दो नए स्टोर्स की ओपनिंग, ग्राहकों की पसंदीदा स्टाइल को उनके पास लाने की दिशा में बढ़ाया गया कदम है.







# घर-घर विराजेंगे गणेश जी, आज से दस दिवसीय गणेश उत्सव की धूम

**इंदौर. विघ्नहर्ता श्री गणेश के आगमन का पर्व आज से पूरे शहर में उल्लास के साथ शुरू हो रहा है. 10 दिवसीय गणेश उत्सव को लेकर शहर के मंदिरों और घरों में खास तैयारियां की गई हैं. श्रद्धालु अपने-अपने घरों में गणपति बप्पा की प्रतिमाओं को स्थापित कर विधिवत पूजा-अर्चना करेंगे.**



बाजारों में उत्सव को लेकर जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है. जगह-जगह आकर्षक और मनमोहक गणेश प्रतिमाएं सजाई गई हैं. दुकानों पर विभिन्न आकार और स्वरूप में गणपति बप्पा की प्रतिमाएं उपलब्ध हैं. बड़े-बड़े पंडालों से लेकर छोटे-छोटे घरों तक, भक्तों में बप्पा को घर लाने की होड़ है. फूल-मालाओं, सजावट की सामग्री और पूजन सामग्री की दुकानों पर भी खास भीड़ देखी जा रही है. हर ओर गणपति बप्पा मोरया के जयघोष के साथ भक्तों का उत्साह चरम पर है. आने वाले दस दिनों तक शहर का वातावरण भक्ति, आनंद और उत्सव के रंग में रंगा रहेगा.

### त्योहारों के विशेष दिन मांस बिक्री पर प्रतिबंध : महापौर

इंदौर. त्योहारों के विशेष दिन शहर में मांस बिक्री पर पूर्णत: प्रतिबंध रहेगा. इसके लिए महापौर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शहर के किसी भी क्षेत्र में विशेष दिन मांस की दुकानें नहीं खुलना चाहिए, महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने आगामी त्यौहारों के लिए नगरीय निकाय सीमा के तहत आने वाली सभी मांस एवं मटन की दुकानों को निर्धारित तिथियों पर बंद रखने के निर्देश जारी किए हैं. महापौर भार्गव ने बताया कि प्रमुख पर्वों पर मांस बिक्री पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगी. उसमें गणेश चतुर्थी, डोल ग्यारस, अनंत चतुर्दशी, जैन समाज के पर्युषण पर्व के पहले और आखरी दिन शहर में मांस की दुकानें बंद रहेगी. महापौर ने निगम अधिकारियों को आदेश का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं.

# 60 से ज्यादा सोसायटियों के पंजीयन होंगे निरस्त

▶ सहकारिता विभाग का बड़ा फैसला

नव भारत न्यूज

**इंदौर. इंदौर जिले में 60 से ज्यादा सहकारी सोसायटियों के पंजीयन निरस्त करने की कार्रवाई चल रही है. सहकारिता विभाग ने यह फैसला किया है. पंजीयन निरस्त करने के पीछे कारण यह है कि वर्षों से सोसायटियों में कोई गतिविधि नहीं हो रही है.**

सहकारिता विभाग द्वारा एक बड़ा फैसला लिया गया है, जिसमें पिछले कई वर्षों से बंद पड़ी सहकारी सोसायटियों के पंजीयन निरस्त किए जाएंगे. यह वह संस्थाएं है जो दुग्ध, क्रेडिट और वृक्ष क्षेत्र में सहकार गतिविधियों बढ़ाने को लेकर रजिस्टर्ड की गई थी. सहकारिता विभाग द्वारा बताया जाता है कि जिन संस्थाओं में 10 वर्ष या उससे अधिक समय में कोई गतिविधि नहीं की गई या की जा रही है. ऐसी सभी संस्थाओं के पंजीयन निरस्त करने का निर्णय लिया गया है. जानकारी के अनुसार उप आयुक्त सहकारिता विभाग कार्यालय में ऐसी बंद पड़ी संस्थाओं की सूची बना ली गई है. करीब 60 से ज्यादा संस्थाओं के पंजीयन अगले कुछ दिनों में निरस्त करने की कार्रवाई कर दी जाएगी.

### इनका कहना है..

प्रभारी सहकारिता उपायुक्त डॉ. मनोज जायसवाल ने बताया कि करीब 75 से ज्यादा संस्थाओं सूची बनी है, जिसमें 60 से ज्यादा संस्थाओं में पिछले दस वर्षों से कोई गतिविधि संचालित नहीं की जा रही है अथवा बंद पड़ी है. ऐसी संस्थाओं को विधिवत कारवाई करके पंजीयन निरस्त कर दिए जाएंगे.

# नवागत डिप्टी कलेक्टरों ने देखा इंदौर का स्वच्छता मॉडल

▶ डोर टू डोर, जीटीएस ,आईसीसीसी का किया अवलोकन

नव भारत न्यूज

**इंदौर. भोपाल प्रशासन अकादमी से डिप्टी कलेक्टरों का दल इंदौर के स्वच्छता मॉडल की जानकारी लेने आया. इस दौरान सभी डिप्टी कलेक्टरों ने डोर टू डोर, जीटीएस, आईसीसीसी का दौरा किया. दौरे के दौरान कचरा निपटान की विभिन्न प्रोसेस को देखा.**

आज आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी मप्र भोपाल से परिचयात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए 27 सदस्यीय डिप्टी कलेक्टरों का दल इंदौर आया. सभी प्रशिक्षु अधिकारियों ने महापौर पुष्पमित्र भार्गव एवं आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा साथ सिटी बस कार्यालय में सौजन्य भेंट की. महापौर पुष्पमित्र भार्गव एवं आयुक्त शिवम वर्मा ने सभी अधिकारियों का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया. प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टरों के दल को नगर निगम द्वारा संचालित स्वच्छता मॉडल की विस्तृत जानकारी का प्रजेंटेशन दिखाया गया. इसके बाद दल ने डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की प्रक्रिया, घर-घर कचरे के पृथक्करण (सेग्रिगेशन) की पद्धति, स्टार जीटीएस प्लांट के संचालन, सीटी बस कार्यालय स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसीएस) तथा इंदौर 311 एप की जानकारी ली. इस दौरान स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ल, अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, उपायुक्त शैलेश अवस्थी सहित निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।




### पूरे देश का प्रेरणास्रोत : महापौर

महापौर भार्गव ने अधिकारियों से कहा कि स्वच्छता का इंदौर मॉडल पूरे देश का प्रेरणास्रोत है. जन सहभागिता और तकनीक आधारित समाधान से शहर को लगातार स्वच्छता रैंकिंग में शीर्ष स्थान मिला है. डिप्टी कलेक्टरों को महापौर ने कहा कि स्वच्छता का यह मॉडल अन्य जिलों और शहरों के लिए भी अनुकरणीय है.

# रिश्तों की परतें खोलकर मनुष्यता का सबक सीखता नाटक पितृ छाया

▶ संस्था अविरत की बेहतरीन प्रस्तुति के साथ 20 वीं सानंद नाट्य स्पर्धा का सफल समापन

नव भारत न्यूज

**इंदौर. यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में 20 वीं सानंद नाट्य स्पर्धा की अंतिम प्रस्तुति यादगार साबित हुई. इंदौर की प्रसिद्ध संस्था अविरत ने नाटक पितृ छाया का बेहतरीन मंचन किया. इसी के साथ नाट्य स्पर्धा का सफल समापन हो गया.**

पितृ छाया एक ऐसी कहानी है, जो अकेलेपन की नाजुक अनुभूति और परिवार में अपेक्षित रिश्तों की परतें खोलती हैं साथ ही मनुष्यता का पाठ भी पढ़ाती है। पूरा नाटक सामाजिक और पारिवारिक पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसमें मानव मनोविज्ञान का सटीक चित्रण है. कथानक हास्य के साथ दिलचस्पी बनाए रखता है. इसी के साथ ही कई गंभीर विमर्श भी खड़े करता है. बेहतरीन कथा, पटकथा और संवाद के लिए युवा रंगकर्मी अभिनय देशमुख की प्रशंसा करनी होगी. राजन देशमुख इंदौर के शीर्ष रंग कर्मियों में से एक हैं. उनका अनुभवी दिग्दर्शन और शानदार अभिनय नाटक को नई ऊंचाइयां प्रदान करता है. शोभा हांडियेकर, सारिका आप्टे, किरण आचार्य,सुमित नांदेडकर पर्णिका बोडस और संजीव दिघे भी अपने अभिनय से प्रभावित करते हैं. ध्वनि संकलन के लिए हर्षित गौड़,प्रकाश योजना और नेपथ्य के लिए वेदांत लक्रस की भी प्रशंसा करनी होगी. कुल मिलाकर संस्था अविरत की यह प्रस्तुती नाट्य प्रेमियों के लिए बेहतरीन सौगात साबित हुई.



### कहानी..

शास्त्री परिवार एक सामान्य मध्यम वर्गीय हिंदू परिवार की तरह धार्मिक, थोड़ा अस्त व्यस्त लेकिन बेहद स्नेही परिवार है. शास्त्री जी पेशे से अंत्येष्टि कर्म करने वाले पंडित हैं. अपने परिवार की रीढ हैं फिर भी कहीं ना कहीं उपेक्षित रहते हैं. एक दिन एक अजीब घटना घटती है जिसके बाद सारा ध्यान उन्हीं पर जा टिकता है. चर्चा है कि शास्त्री जी पर एक मुस्लिम आत्मा का वशीकरण हो चुका है. यह सही है या फिर एक संयोग या व्याकुल मन की पुकार? रिश्तों की तलाश में निकली यह कहानी हल्के-फुल्के हास्य के साथ दर्शकों को अपने भीतर झांकने पर मजबूर करती है. नाटक का मुख्य सबक यह है कि परिवार में आपसी संवाद और परस्पर सम्मान बेहद जरूरी है.




# आधुनिक और जैविक खेती को बढ़ावा दें, खेलों का बजट बढ़ाएं

### देश की उन्नति हेतु छात्रों ने साझा किए सुझाव, वाद विवाद प्रतियोगिता का समापन

नव भारत न्यूज

**इंदौर. स्व. दादा निर्भयसिंह पटेल की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी स्मृति में आयोजित जिला स्तरीय अंतरविद्यालयीन वाद-विवाद प्रतियोगिता का जाल सभागृह में समापन हुआ. भारतीय संसदीय प्रणाली की शैली पर आधारित इस प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.**

प्रतियोगिता के दूसरे दिन छात्रों ने कृषि, रेल और खेल जैसे विषयों पर अपने तर्क प्रस्तुत किए. उन्होंने रेलवे में भोजन की गुणवत्ता सुधारने और लंबी प्रतीक्षा सूची खत्म करने की आवश्यकता जताई. साथ ही आधुनिक और जैविक खेती को बढ़ावा देने की वकालत की, ताकि आने वाली पीढ़ियों की खाद्य जरूरतें पूरी हो सकें और बीमारियों से बचाव हो. खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए बजट में वृद्धि और खिलाड़ियों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने की मांग भी की गई. कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद और अनेक गणमान्य अतिथि मौजूद रहे. समिति के संयोजक विधायक मनोज पटेल ने कहा कि यह मंच युवाओं में नेतृत्व क्षमता और नीतिगत सोच विकसित करने का माध्यम है.

### आत्मविश्वास का करते हैं मजबूत

निर्णायक मंडल ने छात्रों की तार्किक और प्रभावशाली प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं में आत्मविश्वास, विश्लेषणात्मक सोच और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करते हैं. कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जिससे अधिक से अधिक लोग इस शैक्षणिक पहल से जुड़ सके.



# गीत, गजल, लोकगीतों की प्रस्तुतियां

**इंदौर. ढाई आखर का सातवां आयोजन जीवन शाला, बिसर्जन आश्रम इंदौर में सम्पन्न हुआ जिसमें तत्संग के तहत प्रेम से पगे गीत, गजल, लोकगीतों की प्रस्तुतियां हुई. दिव्या ने अपनी सुमधुर आवाज में प्यार का नगमा है... होश वालों खबर कहां... माय हार्ट इज ब्रेथिंग... में श्रोता नाच उठे पूजा उइके ने एक कजरी सखी छाई घटा घनघोर है जंगल में नाच रहे मोर...** प्रस्तुत की. सुब्रतो बोस ने एक वियोग की ग़ज़ल प्रस्तुत की इश्क बस नाम है जमाने में... कार्यक्रम का प्रारंभ विक्रम बोरदिया एवं टीम के द्वारा कबीर भजन से हुआ. ब्रजेश ने ढाई आखर की अवधारणा प्रस्तुत की. उसके पश्चात तत्संवाद में प्रेम पर संवाद हुआ. नेहा पटेल ने विषय को खोलते हुए कहा कि प्रेम की अनेक धारणाएं हैं और प्रेम अनेक तरह से हो सकता है. इसके पश्चात स्वामी उज्ज्वल, विकास छाजेड़, मुक्ता पटेल, अखिलेश जैन ने प्यार अपने अपने अनुभवों से प्यार के मायने सुनाए. पश्चात आर्यन सोलंकी ने नृत्य योग कराया. संचालन पूजा एवं छोटेलाल भारती ने किया. आभार डॉ चारुशीला मौर्य ने माना.



अभियान ▶ इंदौर में शुरू हुआ महिला आत्म सुरक्षा अभियान

# महिलाओं को दिया आत्म सुरक्षा का प्रशिक्षण



**इंदौर. डिवीजनल कमांडेंट बीपी वर्मा के तत्वावधान में तथा डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट सुमत जैन के नेतृत्व में महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

प्रेरणादायक आत्म सुरक्षा अभियान महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें सिविल डिफेंस, एडवेंचरस वूमेन ग्रुप एवं होमगार्ड, सिविल डिफेंस इंदौर की सहभागिता रही. सिविल डिफेंस कार्यालय पिपलियाहाना रोड व्हाइट चर्च कॉलोनी में इस अभियान को सब इंस्पेक्टर कविता चौहान एडवेंचरस वूमेन ग्रुप की श्रेष्ठा गोयल, सिविल डिफेंस सेक्टर वार्डन पंकज कटारिया, असिस्टेंट सीडीआई एसके 568 रंगपाल सिंह ने आयोजित किया. ट्रेनिंग विशाल बोकरे द्वारा दी गई. इसमें करीब 80 महिलाओं ने आत्म सुरक्षा की ट्रेनिंग लेना शुरू की.

### सीनियर ट्रेनर नियुक्त किए

श्रेष्ठ गोयल ने यह भी बताया कि अब इंदौर में हर हफ्ते इस आत्म सुरक्षा आयोजन होगा और महिलाओं को सेल्फ डिफेंस सीखने के लिए पुलिस और सिविल डिफेंस के सीनियर ट्रेनर्स नियुक्त किए गए हैं. सभी महिलाओं से अनुरोध है कि इस प्रेरणादायक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनें और महिला सुरक्षा को सशक्त बनाने की इस पहल का हिस्सा बनें. एडवेंचरस वूमेन ग्रुप महिला सशक्तिकरण की दिशा में लंबे समय से कम कर रहा है और इस तरह के आत्म सुरक्षा अभियान से महिलाओं में जागरुकता आएगी और वह ज्यादा सशक्त बनेगी.